पंजाब केसरी 23/03/2025

समारोह में जानकारी देते हुए राहुल कुमार। (देवदत्त)

जी.एम.एन. कॉलेज में मनाया विश्व जल दिवस समारोह

अम्बाला, 22 मार्च (बलराम): जी.एम.एन. कॉलेज, अम्बाला छावनी में एस.डी.जी. और इको क्लब ने विश्व जल दिवस समारोह मनाया। जिसमें एनागिक कैंगन वाटर वितरक राहुल कुमार का सहयोग था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण के महत्व और स्वस्थ पेय पद्धतियों को बढ़ावा देने के बारे में जागरुकता फैलाना था।

समारोह में दीपक सैनी ने कैंगन जल के महत्व पर प्रकाश डाला, जो एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है और इसके कई स्वास्थ्य लाभ हैं। यह शरीर में एसिडिटी को न्यूट्रलाइज करने में मदद करता है, पाचन में सुधार करता है और ऊर्जा स्तर को बढ़ाता है।

कॉलेज के छात्र और संकाय सदस्यों ने जागरुकता अभियान में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज प्रिंसीपल ने जल संरक्षण और छात्रों के बीच स्वस्थ पेय पद्धतियों को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया।